



# 24 घंटे में 44 मिमी वर्षा, पगारा के गेट खुले, क्वारी उफनी

## अक्टूबर अंत में 7 साल बाद हुई बारिश, तापतान में भारी गिरावट

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** अक्टूबर महीने के आखिरी सप्ताह में 2 दिन में 44 मिमी बारिश हो चुकी है। बीते सात साल में ऐसा पहली बार हुआ है कि इतनी लेट बारिश हो रही है। पूरे अंचल में हो रही बारिश और जंगलात में हुई वर्षा का पानी आने से जौरा का पगारा बांध ओवरफ्लो हो गया, जिसके चलते मंगलवार को इसके सभी छह गेट खोलकर पानी डिस्चार्ज करना पड़ा।

रामपुरकलां में भी क्वारी नदी का जलस्तर बढ़ने से बातेड़ गांव के पास बना रपटा डूब गया, जिसकी वजह से 12 गांवों का रास्ता बंद हो गया है। वहीं नदी किनारे किसानों की 200 बीघा जमीन पानी में डूब गई है, जिसमें सरसों-गेहूं की बोवनी की थी, जो पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी।

यहां बता दें कि अक्टूबर महीने में सात साल बाद इतनी लेट बारिश हो रही है। सोमवार की रात से जारी बारिश का दौर मंगलवार को दिनभर जारी रहा। कभी रिमझिम फुहारें तो कभी बूंदें गिरती रहीं। जिससे दिनभर शहर में लोग घरों में कैद रहे। इधर सोमवार की देर रात से मंगलवार सुबह 8 बजे तक जिले में 44 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसका आंकड़ा देर रात तक बढ़कर 55 से 60 मिमी तक पहुंचने का अंदाजा है। अंचल में लगातार हो रही बारिश का असर भी तापमान पर दिखाई दिया। 36 घंटे में दिन का तापमान 33 डिग्री से लुढ़ककर 22 डिग्री पर आ गया। मंगलवार को अधिकतम पारा 22 डिग्री और न्यूनतम पारा 18 डिग्री दर्ज किया गया। 24 घंटे में ही दिन का पारा 24 से लुढ़ककर 22 पर आ गयाए यानि 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।



### पगारा ओवरफ्लो, 6 गेट खुले, आसन नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट

अंचल में हो रही बारिश के चलते जौरा क्षेत्र में स्थित पगारा बांध ओवरफ्लो हो गया। 654 फीट जलभराव क्षमता वाले पगारा बांध में जलस्तर 655 .40 फीट होने की वजह से बांध के सभी छह ऑटोमेटिक गेट खुल गए। बांध का पानी आसन नदी में पहुंचने से सुमावली क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। इस सीजन में पगारा बांध के गेट सातवी बार खुले हैं। मंगलवार को जौरा एसडीएम शुभम शर्मा भी जल संसाधन विभाग के अफसरों के साथ जलस्तर का मुआयना करने के लिए पगारा डैम पहुंचे।

### रामपुरकलां में क्वारी नदी में उफान से बातेड़ रपटा डूबा, 12 गांवों का रास्ता बंद



रामपुरकलां क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से क्वारी नदी का जलस्तर बढ़ गया। बातेड़ गांव के पास बना रपटा पानी में डूबने से बातेड़, बंगा, भूरापुरा, पचनया, जौंसिल, काठौन, बहेरी, बेरखेड़ा गांवों का रास्ता बंद हो गया। इधर नदी किनारे स्थित किसानों की 200 बीघा से अधिक कृषि भूमि पानी में डूब गई, जिसमें ग्रामीणों ने गेहूं-सरसों की फसलों की बोवनी की थी। किसान भूपसिंह ने बताया कि 20 बीघा में सरसों-गेहूं की बोवनी की थी। नदी में उफान से पूरी जमीन डूब गई, जिससे पूरी फसल खराब हो जाएगी। भूपसिंह ने बताया कि चौथी साल मेरी फसल खराब हुई है। किसान नीरज शर्मा, कैलाश चन्द शर्मा, लाला ठाकुर, महेश गुरु, संतोष पाराशर, शिवचरण कुशवाह और उमेश चतुर्वेदी ने बताया कि नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

# 5 हजार का ईनामी संदीप दो साथियों समेत गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** पांच हजार रूपये के ईनामी शातिर बदमाश संदीप तोमर को उसके दो साथियों के साथ पोरसा पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 12 बोर की बंदूक, 32 बोर की 2 पिस्टल और 315 बोर के तीन कट्टे, पांच जिंदा

**बंदूक, पिस्टल, कट्टा समेत जिंदा राउंड, अपाचे बाइक जब्त**

कारतूस समेत बिना नंबर की अपाचे बाइक बरामद की है।

बदमाशों की गिरफ्तारी का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में किया। उनके साथ एडीशनल एसपी सुरेन्द्रपाल डाबर, एसडीओपी अंबाह रवि भदौरिया मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मुरैना शहर के स्टेशन रोड थाने में दर्ज डकैती की योजना बनाने के केस में पांच हजार का ईनामी संदीप तोमर उर्फ रामलला तोमर पुत्र तिलक सिंह निवासी जल का नगरा अंबाह विगत 8 माह से फरार चल रहा था। उसके ऊपर 5 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। पोरसा पुलिस ने सोमवार को मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम नंद का पुरा के हार से संदीप तोमर और उसके साथी सौरभ तोमर उर्फ बैटरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक, 32 बोर की दो पिस्टल और 315 बोर के तीन कट्टे, 32 बोर के पांच जिंदा राउण्ड और एक बिना नंबर की अपाचे बाइक जब्त की गई। पूछताछ में बदमाश संदीप तोमर ने नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम दोहर्रा निवासी रामू तोमर पुत्र केशव सिंह तोमर को हथियार दिए जाने की बात कही। पुलिस ने रामू तोमर को दोहर्रा गांव से 315 बोर की अधिया के साथ दबोचा। आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किए गए है।

### गिरफ्तार करने वाली टीम में यह रहे शामिल

कार्यवाहक निरीक्षक दिनेश कुशवाह, नगरा थाना प्रभारी एसआई सुखदेव चौहान, एसआई धर्मेन्द्र गौर महुआ, एएसआई दुर्गेश भदौरिया, आर . सीताराम, सर्वेश सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, श्रीचंद्र, भूपेन्द्र सिंह, उमेश यादव, राहुल सेंगर, संजीव शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल थे।



### संदीप पर 13, रामू पर 8 और बैटरी तोमर पर दर्ज है 3 अपराध

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाश संदीप तोमर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, रेलवे एक्ट, मारपीट, नकबजनी, हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में कुल 13 आपराधिक मामले पंजीबद्ध है। जो मुरैना जिले के अंबाह, पोरसा, स्टेशन रोड, ग्वालियर के हजीरा और खण्डवा के जीआरपी थानों में दर्ज है। इसी प्रकार बदमाश रामू तोमर के विरुद्ध मुरैना के नगरा एवं पोरसा थानों में मारपीट, आबकारी एक्ट सहित अन्य धाराओं में कुल 8 अपराध दर्ज है। जबकि तीसरे बदमाश सौरभ उर्फ बैटरी तोमर के विरुद्ध अंबाह-पोरसा थानों में आर्म्स एवं आबकारी एक्ट के दो मामले पंजीबद्ध है।

# राज्यस्तरीय कला उत्सव में मॉडल स्कूल रहा अव्वल



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** राज्यस्तरीय कला उत्सव-2025 में मुरैना शहर के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय कला उत्सव में कहानी वाचन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उनके द्वारा द्रोपदी चीर हरण पर आधारित प्रस्तुति दी। उनकी इस प्रस्तुति को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मॉडल स्कूल की टीम नेशनल लेवल पर होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। विजेता रहने वाली टीम में अनुराग जादौन, हरिओम सिकरवार शामिल थे। विद्यार्थियों को मिली इस सफलता पर संस्था के प्राचार्य एसएस तोमर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं कीं है।

# रोटरी क्लब का दीपावली मिलन समारोह आयोजित





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** रोटरी क्लब मुरैना के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन बीते रोज माधौपुरा की

**मधुरम आर्ट्स दिल्ली के कलाकारों ने दीं आकर्षक प्रस्तुतियां**

पुलिया स्थित गुप्ता बैंक्वेट हॉल में किया गया। समारोह में दिल्ली से आए मधुरम आर्ट्स के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया।

भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कलाकारों ने सुमधुर धुनों पर गणेश वंदना प्रस्तुत की। जिसके बाद मधुरम आर्ट्स के कलाकारों ने प्रभु श्रीराम और माता जानकी व लक्ष्मण का रूप धारण कर श्रीराम की स्तुति की। समारोह में लकी ड्रॉ का आयोजन भी हुआ। जिसके विजेता डॉ. संजय राजपूत को वॉशिंग मशीन, उपविजेता राहुल गुप्ता को माइक्रोवेब ओवन दियाा गया। तृतीय पुरुस्कार के रूप में सारिका बंसल को एयर फ्रॉयर भेंट किया गया। समारोह में विक्की सुनेजा ग्रुप की ओर से महारास की प्रस्तुति दी गई। क्लब की ओर से हार्दिका खेड़ा ने राम आएगें तो अंगना सजाऊंगी...गीत पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

## एक नजर में

### सीएम हेल्पलाईन-फॉर्मर रजिस्ट्री के प्रकरण शीघ्र निपटाएं

**मुरैना/जौरा, 28 अक्टूबर ।** एसडीएम जौरा शुभम शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में एसडीएम श्री शर्मा ने राजस्व अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों एवं



फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य को शीघ्र निपटाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम श्री शर्मा ने पटवारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 दिवस से पुराने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करें। फ ॉर्मर रजिस्ट्री, एलआर लिंकिंग कार्य और ई-केवायसी कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी। अक्टूबर के महीने में हो रही बारिश को लेकर एसडीएम श्री शर्मा ने कहा कि पटवारी अपने हल्कों में जाकर भ्रमण करें, बारिश के कारण होने वाली परेशानियों के निवारण के लिए प्रयास करें। बैठक में तहसीलदार कल्पना कुशवाह, नायब तहसीलदार श्यामसुंदर सिंह, प्रमोद सिंह तोमर सहित राजस्व निरीक्षक और बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित थे।

### जिपं सीईओ ने 162 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**मुरैना ।** जिला मुख्यालय मुरैना पर जनसुनवाई कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव द्वारा की गई। उन्होंने 162 आवेदनकर्ताओं को सुना और उन्हें निराकरण संबंधी



आश्वासन भी दिया। विदित है कि नए कलेक्टर के आने के बाद जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई नए अंदाज में देखने को मिली। जिसमें आवेदनकर्ता को आवेदन करते समय लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। उन्हें आवेदन देने तक कुर्सी पर बैठने की सुविधा मिलेगी। सर्वप्रथम आवेदनकर्ता को आवेदन कम्प्यूटर शाखा में पहुंचकर ऑनलाइन कराना होगा, वह आवेदन जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज होगा। जिसमें दो रसीदें प्राप्त होगी, जिनमें एक रसीद आवेदनकर्ता को मिलेगी और दूसरी रसीद आवेदन के साथ कलेक्ट्रेट में जमा हो जायेगी। जन आकांक्षा पोर्टल पर जो आवेदन प्राप्त होंगेए उन आवेदनों को संबंधित अधिकारी निराकृत करेंगे और टीएल बैठक की तरह जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर भी सुनवाई होगी। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, समस्त जिला अधिकारी, तहसीलदार उपस्थित थे।

# नासिक से आ रहा युवक मुरैना स्टेशन पर ट्रेन से कूदा, मौत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** नासिक से मुरैना आ रहा ऐसी ट्रेन में चढ़ गया, जिसका मुरैना स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं था। तेज रफ्तार से

**मुरैना में स्टॉपेज न होने की वजह से लगाई थी छलांग**

दौड़ रही ट्रेन की रफ्तार मुरैना स्टेशन पहुंचनें पर थोड़ी कम हुई तो युवक ट्रेन से कूद गया। इसी दौरान युवक का संतुलन बिगड़ा और वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा सोमवार-मंगलवार की देर रात को होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मुरैना जिले की सबलगढ़ तहसील के ग्राम हीरापुर निवासी श्याम गौड़ 25 पुत्र शिवनारायण गौड़ नासिक में जेसीबी ड्राईवर की नौकरी करता था। सोमवार को श्याम मुरैना आने के लिए नासिक से ट्रेन में सवार हुआ था।

ट्रेन ग्वालियर क्रॉस करने के बाद जब आगरा की ओर जा रही थी, तभी श्याम को पता चला कि जिस ट्रेन में वो सफर कर रहा है, उसका मुरैना स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं है। देर रात को जब ट्रेन मुरैना स्टेशन के नजदीक पहुंचीं तो उसकी रफ्तार थोड़ी कम हो गई, तभी श्याम प्लेटफॉर्म से ठीक पहले ट्रेन से नीचे कूद गया। कूदते समय उसका पैर फिसला और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह रेलवे गैंगमेन ने जब ट्रेक किनारे युवक का शव पड़ा हुआ देखा, तब उन्होंने जीआरपी के जवानों को सूचना दी। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है।

# बाइक से गांव जा रहे एमआर को टाटा मैजिक ने टक्कर मारी, मौत

## सोमवार की रात 8 बजे जौरा रोड पर हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** सोमवार को दिनभर मार्केटिंग का काम करने के बाद उम्मेदगढ़ बांसी गांव में स्थित अपने घर जा रहे एमआर (मेडिकल रिप्रजेंटेटिव) की बाइक को सामने से आ रहा टाटा मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एमआर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा सोमवार की रात करीब 8 बजे जौरा रोड पर मुंगावली गांव के नजदीक होना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के उम्मेदगढ़ बांसी गांव में रहने वाला शिवम जादौन 25 पुत्र हरेन्द्र सिंह जादौन दवा कंपनी में

**मैजिक वाहन मौके पर छोड़कर भाग निकला ड्राइवर**

एमआर का जॉब किया करता था। सोमवार को मुरैना शहर में मार्केटिंग का काम करने के बाद शिवम शाम करीब साढ़े सात बजे मुरैना से अपने गांव जाने के लिए बाइक लेकर निकला था। इसी दौरान जब शिवम एनएच-552 हाईवे पर मुंगावली गांव के नजदीक सामने से आ रहे टाटा मैजिक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मैजिक वाहन को मौके पर छोड़कर ड्राईवर भाग निकला। हादसे में बाइक सवार शिवम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मैजिक वाहन के ड्राईवर के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

# वोटरलिस्ट वेरिफिकेशन के लिए 12 दस्तावेज होंगे मान्य



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार रावत की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ मंगलवार को एनआईसी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 से 3 नवम्बर 2025 तक तैयारी, प्रशिक्षण, मुद्रण, 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि, 4 दिसम्बर 2025 तक मतदान केन्द्रों का युक्ति युक्तकरण, पुनः व्यवस्था, 5 दिसम्बर 2025 से 08 दिसम्बर 2025 तक नियंत्रण तालिका का अद्यतन और मसौदा सूची की तैयारी, 9 दिसम्बर 2025 को मसौदा निर्वाचक नामावली का प्रकाशन, 9 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावे-आपत्तियां दर्ज करने की अवधि, 09 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक सूचना जारी करना, सुनवाई और सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे.आपत्तियों का निस्तारण ई-आरओ द्वारा समानांतर रूप से किया जायेगा। 3 फरवरी 2026 तक निर्वाचक नामावली के स्वास्थ्य, मानकों की जांच, अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना और 07 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दस्तावेज सांकेतिक सूची के अनुसार 12 दस्तावेज मान्य किए जायेंगे। जिनमें किसी केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा नियमित कर्मचारी, पेंशनर को जारी पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, भारत में किसी सरकारी, स्थानीय निकाय, बैंक, डाकघर, एलआईसी, सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01.07.1987 से पूर्व जारी कोई पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र, दस्तावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससीए एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र, राज्य, स्थानीय निकाय द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर, सरकार द्वारा जारी भूमि, मकान आवंटन प्रमाण पत्र, आधार के लिए आयोग जारी निर्देश लागू होंगे।



# जनसुनवाई : चंबल कमिश्नर ने सुनी 7 आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 अक्टूबर ।** चम्बल संभागीय मुख्यालय पर चम्बल कमिश्नर सुरेश कुमार ने मंगलवार को चम्बल भवन में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नगर निगमए जिला पंचायत एवं जनपद जौरा का एक-एक आवेदन तथा आंगनबाड़ी और कलेक्ट्रेट संबंधी दो-दो आवेदन प्राप्त हुए। चम्बल कमिश्नर ने उन आवेदनों को पंजी करने के उपरांत संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश दिये।